# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 20.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, जनवार्ता, न्यायाधीश, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 20.11.2024

# विश्व बैंक व एडीबी के अफसरों ने देखा विश्वनाथ धाम का विकास



दशाश्वमेध घाट पर अफसरों को जानकारी देते वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा •

जागरण संवाददाता, वाराणसी : काशी में चल रही विकास योजनाओं और विकास की संभावना तलाशने के लिए दूसरे दिन मंगलवार को विश्व बैंक, एशियन डवलेपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग भारत सरकार की संयुक्त मिशन टीम ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन किया। इसके बाद टीम ने विश्वनाथ धाम का विकास, गंगा प्रवेश द्वार और घाट को देखा। विस्तार से पर्यटन पर कितना प्रभाव पड़ा और आने वाले दिनों में क्या फायदा होगा इसके बारे में चर्चा की।

दशाश्वमेध प्लाजा और गंगा घाट की सुंदरता को देखने के साथ आने वाले पर्यटकों को कितना फायदा मिल रहा इसके बारे में वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने विस्तार से जानकारी दी। पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों को रोजगार मिला। विकास प्राधिकरण सभागार में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के साथ विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जिले में किन-किन योजनाओं से किस तरह विकास कार्य कराए गए। उनसे कितना लाभ आमजन और पर्यटकों को मिला। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। टीम में श्रीनिवास संपत, रमोला सिंगरू, सौरव मजूमदार, आबेदलरज्जक खलील, अभिजीत संकर राय, मो. मोनिस खान शामिल थे। इस अवसर पर वीडीए अपर सचिव डा. गुड़ाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार आदि रहे।

## अमर उजाला–दि0 20.11.2024

### पांच बीघे की अवैध प्लॉटिंग वीडीए ने कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा के अनुसार सारनाथ वार्ड के जनार्दन यादव की ओर से रमना जाल्हूपुर चौबेपुर में 5 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया। ब्यूरो

## आज–दि0 20.11.2024

### विश्व बैंक एवं एडीबी के अफसरोंने काशी विश्वनाथ धामके विकासको देखा

#### वाराणसी अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापारका बन सकता है प्रमुख केन्द्र

मंगलवारको दूसरे दिन नगर एवं ग्राम नियोजक विभाग, विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक और विभागके अधिकारी वाराणसीके विभिन्न क्षेत्रोंका निरीक्षण किया। इसमें वाराणसीको पुनर्विकासके लिए उपरोक्त टीमें विकास प्राधिकरणकी सहायता कर रही हैं जिसमें प्रमुख रूपसे टीमके सदस्योंने काशी विश्वनाथ कारिडोर, गोदौलियासे दशाश्वमेध घाटतक फसाड सुधार, दशाश्वमेध प्लाजा, मानसिंह ऑब्जर्वेटरीकी परियोजनाओंका गहन निरीक्षण किया। मुख्य रूपसे टीमके सदस्योंने कार्यकी गुणवत्ताको देखते हुए अधिकारियोंका पीठ थपथपाया। हालांकि समितिका कहना था कि वाराणसीको अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापारका प्रमुख केन्द्र बनाया जाय। इसमें सदस्योंने बताया कि संस्कृति धरोहरको संरक्षित करते हुए वाराणसीमें आधुनिक कार्य किये जा सकते हैं। यहां एक विश्व स्तरीय सांस्कृतिक और आर्थिक रूपमें विकसित किया जा सकता है। निरीक्षणके बाद विकास प्राधिकरणमें अनौपचारिक बातचीतके दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचेको और



मजबूत किया जा सकता है। इस अवसरपर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने टीमके सदस्योंको काशी उपहार स्वरूप भेंट किया जिसमें अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, प्रभातकुमार नियोजक, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा देशी-विदेशी टीमोंके श्रीनिवास सम्पत (डायरेक्टर, एमेर्जिंग एरियाज, वाटर एंड अर्बन डेवलपमेंट), रमोला सिंगरू (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, एडीबी टीम लीडर, सीआरसी), दुर्गे उदा (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट), सामन्ती जी. बेल्लीअप्पा (सीनियर सेफगार्ड्स स्पेशलिस्ट सोशल, ओएसएफजी), सौरभ मजूमदार (सीनियर प्रोजेक्ट अफसर अर्बन), अंकित सिंघल (प्रोजेक्ट एनालिस्ट), वर्ल्ड बैंक से आवेदलरजक खलील (प्रैक्टिस मैनेजर, साउथ एशिया अर्बन), अभिजीत संकर राय (सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट वर्ल्ड बैंक व टीम लीडर, सीआरसी), रोशन नेट्टी (सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट), मेघा मुकीम (सीनियर अर्बन इकोनॉमिस्ट), सौम्या रघुनाथ (सीनियर अर्बन डिजाइन कंसल्टेंट), ज्योति चिकवन नायर (अर्बन स्पेशलिस्ट), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से मो. मोनिस खान (टाउन एंड कंट्री प्लानर, हेड कोऑर्डिनेशन डिवीजन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आर्गेनाइजेशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) आदि उपस्थित रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 20.11.2024

### काशी का विकास मॉडल अन्य शहरों के लिए प्रेरणा

#### दो दिवसीय दौरे पर आए विश्व बैंक और एडीबी के विशेषज्ञों ने दी प्रतिक्रिया, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के साथ बैठक की

**प्रसन्नता जताई**

[illegible]

**96** करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं [illegible]

**03** साल और पांच महीने में पूरी की गई महत्वाकांक्षी परियोजना

**30** करोड़ रुपये खर्च कर दशाश्वमेध प्लाजा को बनाया गया है

**01** सौ 80 दुकानों का प्लाजा परिसर में किया गया है निर्माण



बनारस की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण करने आए विश्व बैंक और एडीबी के विशेषज्ञ मंगलवार को दशाश्वमेध घाट पहुंचे।

**रोप-वे प्रोजेक्ट की सराहना**

[illegible]

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 20.11.2024

# विश्व बैंक व एडीबी के अफसरों ने देखा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का विकास कार्य

**वाराणसी (एसएनबी)।** भारत सरकार की बजट घोषणा 2024 के तहत वाराणसी को रचनात्मक पुनर्विकास के लिए विकास केंद्र के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की संयुक्त मिशन टीम ने दूसरे दिन भी स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक फसाड सुधार, दशाश्वमेध प्लाजा, और मान सिंह ऑब्जर्वेटरी की परियोजनाओं को देखा। कार्यों की गुणवत्ता और गति की सराहना करते हुए टीम ने कहा कि इससे न केवल स्थानीय पर्यावरण को लाभ मिलेगा बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापार का भी प्रमुख केंद्र बनेगा। निरीक्षण में एडीबी, विश्व बैंक और टीसीपीओ के प्रतिनिधि श्रीनिवास सम्पत, रमोला सिंगरू, सौरव मजूमदार, आबेदलरजक खलील, अभिजीत शंकर राय और मो. मोनिस खान शामिल थे। उन्होंने योजनाओं की प्रगति को सराहना की। इसे वाराणसी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। विश्व बैंक, एडीबी, और टीसीपीओ की टीम वाराणसी में चल रही परियोजनाओं की प्रगति और चुनौतियों का आकलन कर रही है। इन संस्थानों का उद्देश्य वाराणसी को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। टीम ने वीडीए उपाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन किया।

> **वाराणसी को विकास केंद्र बनाने की योजना के तहत दूसरे दिन भी किया निरीक्षण**

## जनवार्ता–दि0 20.11.2024

# काशी का विकास मॉडल अन्य शहरों के लिए प्रेरणा

## विश्व बैंक व एडीबी के अफसरों ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, विकास कार्यों का किया निरीक्षण



वीडीए सभागार में वीडीए वीसी के साथ विकास कार्यों पर चर्चा करते विश्वबैंक, एडीबी के अधिकारी।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** मंगलवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में विकास केंद्र के रूप में शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास के सम्बन्ध में भारत सरकार की बजट घोषणा-2024 के तहत एक मिशन टीम जिसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, विश्व बैंक तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारी तथा विशेषज्ञों द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन किया गया। साथ ही साथ मिशन टीम द्वारा वाराणसी शहर के विकास हेतु उपयोगी सुझाव भी दिए गए। भारत सरकार की बजट घोषणा 2024 के तहत काशी को रचनात्मक पुनर्विकास के लिए विकास केंद्र के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर विश्व बैंक, एशियन डेवलपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की संयुक्त मिशन टीम ने दूसरे दिन भी स्थलीय निरीक्षण किया।

टीम ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक फसाड सुधार, दशाश्वमेध प्लाजा, और मान सिंह ऑब्जर्वेटरी की परियोजनाओं का गहन निरीक्षण किया। इन स्थलों पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और गति की सराहना करते हुए टीम ने कहा कि वाराणसी में विकास योजनाओं से न केवल स्थानीय पर्यावरण को लाभ मिलेगा बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापार का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।

निरीक्षण में एडीबी, विश्व बैंक और टीसीपीओ के प्रतिनिधि श्रीनिवास सम्पत, रमोला सिंगरू, सौरव मजूमदार, आबेदलरजक खलील, अभिजीत शंकर राय, और मो. मोनिस खान शामिल थे। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति को सराहनीय बताते हुए इसे वाराणसी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

विश्व बैंक, एडीबी और टीसीपीओ की टीम जिले में चल रही परियोजनाओं की प्रगति और चुनौतियों का आकलन कर रही है। इन संस्थानों का उद्देश्य वाराणसी को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। निरीक्षण के बाद टीम ने कहा कि यह विकास मॉडल अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। वाराणसी के विकास पर हो रहा यह फोकस न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर एशियन डेवलपमेंट बैंक से श्रीनिवास सम्पत (डायरेक्टर, एमर्जिंग एरियाज, वाटर एंड अर्बन डेवलपमेंट), रमोला सिंगरू (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, एडीबी टीम लीडर, सीआरसी), दुर्गे उदा (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट), सास्वती जी. बेल्लीअप्पा (सीनियर सेफ्टीगार्ड्स स्पेशलिस्ट सोशल, ओएसएफजी), सौरव मजूमदार (सीनियर प्रोजेक्ट अफसर अर्बन), अंकित सिंघल (प्रोजेक्ट एनालिस्ट), वर्ल्ड बैंक से आबेदलरजक खलील (प्रैक्टिस मैनेजर, साउथ एशिया अर्बन), अभिजीत शंकर राय (सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट वर्ल्ड बैंक व टीम लीडर, सीआरसी), रोशन्या नैट्टी (सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट), मेघा मुकीम (सीनियर अर्बन इकोनॉमिस्ट), सौधा रघुपथ्य (सीनियर अर्बन डिजाइन कंसलटेंट), ज्योति विजयन नायर (अर्बन स्पेशलिस्ट), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से मो. मोनिस खान (टाउन एंड कंट्री प्लानर, हेड कोऑर्डिनेशन डिवीजन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आर्गेनाइजेशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा मिशन टीम के सदस्यों को उपहार भेंट किये गए। इस अवसर पर अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, प्रभात कुमार नगर नियोजक, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 20.11.2024

### वाविप्रा जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लोटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-सारनाथ के अन्तर्गत जनार्दन यादव द्वारा मौजा-रमना,परगना-जाल्हूपुर, थाना-चौबेपुर में लगभग 5 बीघा की अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी प्लाटिंगकर्ता द्वारा किये गये अवैध प्लाटिंग को आज 19.11.2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री संजीव कुमार, अवर अभियन्ता श्री जय प्रकाश गुप्ता, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत करायेबिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## परफेक्ट मिशन–दि0 20.11.2024

### विश्व बैंक व एडीबी के अफसरों ने देखा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का विकास

**वाराणसी को विकास केंद्र बनाने की योजना के तहत दूसरे दिन भी किया निरीक्षण, विकास कार्यों की सराहना की**

परफेक्ट मिशन



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में विकास केंद्र के रूप में शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास के सम्बन्ध में भारत सरकार की बजट घोषणा-2024 के दृष्टिगत एक मिशन टीम जिसमें नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग , विश्व बैंक तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक के अधिकारी तथा विशेषज्ञों द्वारा वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

साथ ही साथ मिशन टीम द्वारा वाराणसी शहर के विकास हेतु उपयोगी सुझाव भी दिए गए। भारत सरकार की बजट घोषणा 2024 के तहत वाराणसी को रचनात्मक पुनर्विकास के लिए विकास केंद्र के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर विश्व बैंक , एशियन डेवलपमेंट बैंक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की संयुक्त मिशन टीम ने दूसरे दिन मंगलवार कोभी स्थलीय निरीक्षण किया।टीम ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक फसाड सुधार, दशाश्वमेध प्लाजा, और मान सिंह ऑब्जर्वेटरी की परियोजनाओं का गहन निरीक्षण किया। इन स्थलों पर चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और गति की सराहना करते हुए टीम ने कहा कि वाराणसी में विकास योजनाओं से न केवल स्थानीय पर्यावरण को लाभ मिलेगा बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापार का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।निरीक्षण में एडीबी, विश्व बैंक और टीसीपीओ के प्रतिनिधि श्रीनिवास सम्पत, रमोला सिंगरू, सौरव मजूमदार, आबेदलरज़क खलील, अभिजीत संकर राय, और मो. मोनिस खान शामिल थे। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति को सराहनीय बताते हुए इसे वाराणसी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।विश्व बैंक, एडीबी, और टीसीपीओ की टीम वाराणसी में चल रही परियोजनाओं की प्रगति और चुनौतियों का आकलन कर रही है। इन संस्थानों का उद्देश्य वाराणसी को न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।निरीक्षण के बाद टीम ने कहा कि यह विकास मॉडल अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। वाराणसी के विकास पर हो रहा यह फोकस न केवल शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा बल्कि इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को भी वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा। इस अवसर पर एशिन डेवलपमेंट बैंक से श्रीनिवास सम्पत (डायरेक्टर, एमेर्जिंग एरियाज, वाटर एंड अर्बन डेवलपमेंट), रमोला सिंगरू (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट, एडीबी टीम लीडर, सीआरसी), टुमो उदा (प्रिंसिपल अर्बन डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट), सास्वती जी. बेल्लीअप्पा , सौरव मजूमदर (सीनियर प्रोजेक्ट अफसर अर्बन), अंकित सिंघल (प्रोजेक्ट एनालिस्ट), वर्ल्ड बैंक से आबेदलरज़क खलील (प्रैक्टिस मैनेजर, साउथ एशिया अर्बन), अभिजीत संकर राय (सीनियर अर्बन स्पेशलिस्ट वर्ल्ड बैंक व टीम लीडर, सीआरसी), रोशन्ना नीट्टी , मेघा मुकीम (सीनियर अर्बन इकोनॉमिस्ट), सीथा रघुपथ्य (सीनियर अर्बन डिज़ाइन कंसलटेंट), ज्योति विजयन नायर (अर्बन स्पेशलिस्ट), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया से मो. मोनिस खान (टाउन एंड कंट्री प्लानर, हेड कोऑर्डिनेशन डिवीज़न, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग आर्गेनाइजेशन, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया) वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा मिशन टीम के सदस्यों को उपहार स्वरूप डायरी एवं गिफ्ट भेट किये गए।